Regarding celebration of the birth date of Dr. B.R. Ambedkar as National Equality Day in the country

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : सभापति महोदया, भारतीय संविधान निर्माता, भारत रत्न से सम्मानित, सामाजिक न्याय के प्रतीक और करोड़ों शोषित-पीड़ित वर्गों व महिलाओं के उद्धारक परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को मनाई जाती है । बाबा साहब का योगदान केवल एक वर्ग विशेष तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने सम्पूर्ण भारतीय समाज के पुनर्गठन में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है । उन्होंने हमें संविधान दिया, सामाजिक समानता का मार्ग प्रशस्त किया और समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे मौलिक सिद्धांतों को भारतीय लोकतंत्र की नींव में स्थापित किया ।

उनकी जयंती पूरे देश व दुनिया में उत्सव की तरह मनाई जाती है । सरकारी अवकाश होता है, किन्तु इसे आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय पर्व घोषित करने से यह सम्मानजनक मान्यता प्राप्त करेगा और पूरे देश को उनके विचारों से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा ।

अतः मेरी केंद्र सरकार से माँग है कि 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समानता दिवस या संविधान निर्माता दिवस के रूप में राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाए, जिससे बाबा साहेब के विचारों को और व्यापक स्तर पर प्रचारित-प्रसारित किया जा सके ।

जय भीम, जय भारत ।